हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री



10 बच्चों ने अभिनय से मोहा मन



10 देश नही भूलेगा इंदिरा गांधी की कुर्बानी: रिषिपाल




## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार मुक्त भारत पर कार्यक्रम आयोजित

जींद। स्थानीय महाराजा अग्रसेन कवमावि में सीबीएसई निर्देशानुसार भ्रष्टाचार मुक्त भारत पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नाटक, भाषण और गीत के माध्यम से भ्रष्ट लोगों का पर्दाफाश किया गया। हरियाणा दिवस के उपलक्ष में भी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया । प्रधान महावीर गुप्ता ने बताया कि भ्रष्टाचार देश को अंदर से खोखला कर रहा है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का ताला तोड़ सामान चोरी

जींद। गांव अमरगढ़ में बीती रात चोरों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरियां तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज का जांच शुरू कर दी है। अमरगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने स्वास्थ्य केंद्र का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, डबल बैटरी व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### दुकान से 25 हजार की नकदी चोरी, मामला दर्ज

जींद। गांव ईंटल कलां में चोरों ने एक दुकान से 25 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पौंकरीखेड़ी निवासी नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव ईंटल कलां में दुकान खोली हुई है। दिन में कुछ समय के लिए वह पडोस में चला गया।

### संदिग्ध हालात में दो महिलाएं लापता, केस

जींद। जिले में अलग-अलग दो स्थानों से दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं ओम नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

### सभी युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान

जींद। राजकीय महिला महाविद्यालय जींद में नशा विरोधी सेल के अधीन नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जय नारायण गहलावत ने की तथा आयोजन सहायक प्रोफेसर सुमन खटक ने किया। नुक्कड़ नाटक का विषय सभी युवाओं को नशे से दूर करना और नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताना था। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ-चढकर भाग लिया।

### आधारशिला विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम हुआ

जींद। हरियाणा राज्य की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में आधारशिला विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से हरियाणवी कला एवं संस्कृति को उजागर किया। इसमें भाषण, कविता, नृत्य, राग रागनी आदि के माध्यम से बच्चों ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया कि आज हरियाणा की पूरे विश्व में आत्मनिर्भर, आदर्श, समृद्ध एवं सुशिक्षित प्रदेश के रूप में एक अलग पहचान है।

### राजकीय कालेज में एक्सटेंशन लेक्चरर

जींद। राजकीय पीजी कालेज में गाइडेंस ब्यूरो एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में कैरियर गाइडेंस एंड इमर्जिंग फील्ड्स फॉर साइंस ग्रेजुएट विषय पर एक एक्सटेंशन लेक्चरर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। प्राचार्य ने संबोधन में छात्रों को आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम के साथ करियर की दिशा तय करने की प्रेरणा दी।

### यज्ञ एक वैज्ञानिक पद्धति : विद्यार्थी

जींद। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में वैदिक संस्कार पुण्य मास के समापन अवसर पर बहुकुंडीय हवन किया गया। अनेक वैदिक गतिविधियों के माध्यम से दो से 29 अक्टूबर तक विद्यालय प्रांगण में वैदिक संस्कार पुण्यमास मनाया गया।

## इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में हर्षोल्लास से मनाया हरियाणा दिवस

# बच्चों ने अभिनय से मोहा मन

### हरियाणा की संस्कृति को विभिन्न तरीकों से प्रस्तुत किया

विद्यार्थियों के लिए स्पेशल असेंबली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विग में हरियाणा दिवस हर्षोल्लास और देश भक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को खूबसूरती से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा से हुई। फिर बच्चों ने पारंपरिक हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। छात्रों ने हरियाणा को गौरवान्वित करने वाली प्रसिद्ध हस्तियों जैसे कल्पना चावला, कपिल देव, नीरज चोपड़ा आदि का रोल प्ले किया। इन सबके साथ-साथ हरियाणा की संस्कृति को विभिन्न तरीकों से प्रस्तुत किया गया। अंत में मुख्यध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हरियाणा दिवस के महत्व के बारे में समझाया। कहा कि हरियाणा की धरती वीरों, खिलाड़ियों व महान व्यक्तित्व और महान व्यक्तित्वों की भूमि है और इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में क्षेत्रीय पहचान, गर्व और देश प्रेम की भावना का विकास करते हैं।





जींद। कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि




जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए।

### वुड स्टॉक स्कूल में हरियाणा दिवस मनाया

जींद। हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास को समर्पित हरियाणा दिवस वुड स्टॉक स्कूल में अत्यंत उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा, उपनिदेशक आशुतोष शर्मा व प्राचार्या सुकीर्ति गौतम और सभी अध्यापकगण तथा विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत एक विशेष प्रार्थना सभा से हुईए जिसमें विद्यार्थियों ने हरियाणा राज्य के निर्माण दिवस के महत्व पर मनमोहक भाषण और कविताएं प्रस्तुत की। हरियाणवी भाषा की महत्ता और पहचान पर विद्यार्थियों ने सुंदर शब्दों में अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि यह भाषा हरियाणा की आत्मा है। इसके पश्चात हरियाणा राज्य से संबंधित तथ्यों और सामान्य ज्ञान पर आधारित रोचक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और तत्परता से भाग लिया। सही उत्तरों पर पूरे सभागार में तालियों की गडगड़ाहट गूंज उठी।

#### अपने ज्ञान-संस्कारों से हरियाणा का नाम ऊंचा करें

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हरियाणवी लोकगीतों और पारंपरिक नृत्यों ने मंच को जीवंत बना दिया। मनमोहक वेशभूषा, हरियाणवी संगीत और ताल से ताल मिलाते विद्यार्थियों के कदमों ने सबका मन जीत लिया। आज विद्यालय की पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों को स्थानीय गौशाला का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने वहां गौसेवा, दुग्ध उत्पादन तथा पशुपालन की प्रक्रिया को निकट से देखा और पर्यावरण संरक्षण में गौवंश की भूमिका को समझा। स्कूल निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सिर्फ एक राज्य नही, यह मेहनत, साहस और संस्कृति की पहचान है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम ऐसे प्रदेश से हैं जहां परंपरा और प्रगति साथ-साथ चलते हैं। विद्यार्थी अपने ज्ञान और संस्कारों से हरियाणा का नाम ऊंचा करें। उपनिदेशक आशुतोष शर्मा ने कहा कि हरियाणा दिवस हमें अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर देता है। हमारी मातृभाषा हरियाणवी हमारी पहचान है, इसे सहेजना और सम्मान देना हम सबका कर्तव्य है। आज के विद्यार्थियों ने जिस उत्साह से भाग लिया, वह सराहनीय है। स्कूल प्राचार्या सुकीर्ति गौतम ने अपने प्रेरणादायक शब्दों में कहा कि हरियाणा की संस्कृति, लोक परंपराएं और भाषा हमें एकता और गर्व का संदेश देती हैं। विद्यार्थियों ने आज जिस ऊर्जा और जोश से प्रस्तुतियां दीं, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# एकता-समर्पण और देश प्रेम का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में श्राष्ट्रीय एकता दिवसश तथा शहरियाणा दिवसश के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में दो प्रमुख प्रतियोगिताएं सरदार वल्लभभाई पटेल पर लेखन प्रतियोगिता तथा हरियाणा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सरदार पटेल जी के जीवनए संघर्षए नेतृत्व क्षमता और भारत के एकीकरण में उनकी भूमिका पर अपने विचार अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।



नरवाना। जनता स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे।

#### महापुरुषों के आदर्श प्रेरणास्रोत

बच्चों ने यह बताया कि किस प्रकार भारत के लौह पुरुष ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया और मजबूत राष्ट्र की नींव रखी। दूसरी ओरए हरियाणा दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हरियाणा राज्य की स्थापना गौरवशाली संस्कृति वीरता और कृषि खेल व शिक्षा के क्षेत्र में उसकी उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। बच्चों के जोशीले भाषणों ने सभा में देशभक्ति और गर्व की भावना भर दी। कार्यक्रम में अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों को एकता समर्पण और देश प्रेम का संदेश दिया। कहा कि सरदार पटेल जैसे महापुरुषों के आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता मोर ने विद्यार्थियों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारतीय एकता की जो मशाल जलाईए वह सदैव जलती रहेगी। हमें भी अपने राज्य और देश की प्रगति में योगदान देने का प्रयास करना चाहिए।




जींद। पद यात्रा को रवाना करते हुए प्राचार्या। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं ने निकाली एकता पद यात्रा

जींद। हिंदू कन्या कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा सरदार एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या पूनम मोर ने की। जिन्होंने छात्राओं में राष्ट्रीय एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। इस पदयात्रा के अतिरिक्त एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने शांति के लिए एक मानव श्रृंखला भी बनाई। जिसने राष्ट्रीय एकीकरण और एकजुटता का एक शक्तिशाली प्रतीक प्रस्तुत किया। इस पूरे कार्यक्रम का समन्वय कार्यक्रम अधिकारी क्रांति ने किया। पदयात्रा शहर में निकाली गई। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने आवाज दो, हम एक हैं, एक भारत श्रेष्ठ भारत, जय हिंद जैसे नारे लगाते हुए भाग लिया। इसका उद्देश्य सरदार पटेल के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण को जन-जन तक पहुंचाना था। इस पदयात्रा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश को प्रसारित किया गया।

### सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया

जींद। राष्ट्र की एकता और अखंडता के शिल्पी सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा एनसीसी यूनिट, राजकीय महाविद्यालय जींद, एनएसएस स्वयंसेवकों तथा जिले के अन्य विद्यालयों के सहयोग से किया गया। राजकीय महाविद्यालय जींद के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और सरदार पटेल के आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक भगवान दास और डा. रीतू एवं शिक्षण व गैरशिक्षण कर्मचारियों ने भी दौड़ में सहभागिता कर इसे सामूहिक उत्साह का आयोजन बनाया। यह आयोजन देश के लौह पुरुष के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करता है एवं युवाओं में एकता और अनुशासन के महत्व को उजागर करता है।

### भाईचारे का संदेश देते लगाई दौड़

जुलाना। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आज जुलाना उपमंडल में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीजेपी के प्रत्याशी रहे योगेश बैरागी द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया। कार्यक्रम में सैंकड़ों विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देते दौड़ लगाई। कार्यक्रम तहसील प्रांगण से शुरू होकर लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में समापन हुआ। एसडीएम होशियार सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए योगेश बैरागी ने कहा कि युवा पीढ़ी को सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। रन फॉर यूनिटी केवल दौड़ नही बल्कि राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को सशक्त नींव प्रदान की। आज का यह आयोजन हमें उनके आदर्शों पर चलने और समाज में एकजुटता बनाए रखने की प्रेरणा देता है।



जुलाना। रन फॉर यूनिटी में दौड़ते कैप्टन योगेश बैरागी। फोटो :हरिभूमि



राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान छात्रों को संबोधित करती वक्ता डा. निशा।

### मानव विकास विषय पर विस्तार व्याख्यान

जींद। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्लेसमेंट सेल एवं रसायन शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा.मुनीष कुमार ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में पिल्लूखेड़ा कालेज के पूर्व प्राचार्य ओपी गुप्ता ने भाग लिया। संचालन प्लेसमेंट सेल प्रभारी सीमा कश्यप ने किया। मुख्य वक्ता ओपी सिंह ने अपने संबोधन में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता एवं मानव जीवन के समग्र विकास में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की अवधारणा , उसके आर्थिक महत्व तथा रोजगार के अवसरों में इसके उपयोग पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा डा. निशा पृथ्वी ने दो विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। जिनमें उन्होंने विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को करियर नियोजन, अवसरों और उच्च शिक्षा विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन किया। इसके अलावा विज्ञान की दृष्टि से परंपरागत मान्यताओं एवं अंधविश्वासों के पीछे के वैज्ञानिक तथ्यों को स्पष्ट किया। सहायक प्रोफेसर गौरव बंसल, चांदराम एवं वैशाली आदि उपस्थित रहे।

### सुप्रीम स्कूल में मनाया हरियाणा दिवस

जींद। सुप्रीम स्कूल में हरियाणा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने हरियाणा की संस्कृति, इतिहास और विरासत पर आधारित विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। छात्रों ने हरियाणवी नृत्य और संगीत के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध संस्कृति का प्रदर्शन किया। छात्रों ने हरियाणा के महत्व और इसकी सांस्कृतिक धरोहर पर कविता पाठ किया। छात्रों ने हरियाणा की संस्कृति और इतिहास पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूल के प्रिंसिपल नवीन शर्मा ने कहा कि हरियाणा दिवस हमें अपनी संस्कृति और विरासत को समझने और मनाने का अवसर देता है। उन्होंने छात्रों को हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के बारे में जानने और उसे अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के शिक्षकों और छात्रों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी छात्रों ने भाग लिया और हरियाणा की संस्कृति और इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हरियाणा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### साहित्यकारों को सम्मानित किया

जींद। हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद के 65वें स्थापना दिवस के अवसर पर शकुन्तला शकुन की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार अलंकरण और पुस्तक लोकार्पण समरोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में धर्मदेव विद्यार्थी निदेशक हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह में देश व विदेश से पधारे 45 साहित्यकारों को विभिन्न साहित्यिक सम्मानों से सम्मानित किया गया। 44 साहित्यकारों विभिन्न दानवीर परिवारों के सौजन्य से सम्मानित किया गया तथा संस्था की ओर से दिया जाने वाले सर्वोच्च सम्मान साहित्य सारथी सम्मान से देवदत्त देव को उत्तरीय, लेखनी, प्रशस्ति पत्र और सम्मानोचित नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। संस्था के संरक्षक ओमप्रकाश चौहान ने संस्था की समग्र गतिविधियों पर प्रकाश डाला। संस्था के महासचिव बलराज स्नेही ने कुशलतापूर्वक मंच संचालन किया। धर्मदेव विद्यार्थी ने हरियाणवी को भाषा का दर्जा दिलवाने के संकल्प को दोहराते साहित्यकारों से अपेक्षित सहयोग बनाए रखने की अपील की।



नरवाना। राजकीय स्कूल बेलरखा में नशा न करने की शपथ लेते छात्र।

### नशा मुक्ति की शपथ ली

नरवाना। विशेष नशा मुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना रहा। प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्नशा जीवन को अंधकार की ओर ले जाता हैए जबकि शिक्षा और संस्कार हमें उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ाते हैं।௨ उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को भी नशा मुक्त बनाने में सहयोग दें। कार्यक्रम में विद्यार्थियोंए अध्यापकों ने हाथ उठाकर यह संकल्प लिया कि वे कभी नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी नशा छोडने के लिए प्रेरित करेंगे।

# जुलाना में 51 करोड़ रुपये की लागत से हर मकान को मिलेगा स्वच्छ जल

**भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने किया शिलान्यास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना में 51 करोड़ से पेयजल किल्लत से लोगों को छुटकारा मिलेगा। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पाईपलाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया। पहले चरण में करीब 6.5 करोड़ की लागत से नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू हुआ है। 51 करोड़ की लागत से यह काम अगले कुछ महीनों में पूरा होगा। कार्यक्रम की शुरूआत को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जुलाना से भाजपा प्रत्याशी रहे कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। कैप्टन योगेश बैरागी ने पाइन लाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि जुलाना की सभी समस्याओं को समाधान किया जा रहा है। कस्बे के लोगों को पेयजल किल्लत से होकर गुजरना पड़ रहा था। नई पाइप लाइन बिछाने से कस्बे के लोगों को बहूत सुविधा मिलेगी और हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचेगा। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग का एक समान विकास करवा रही है।



पाइप लाइन का शिलान्यास करते भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी।



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने आए पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### किसान समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

जींद। किसान छात्र एकता संगठन और जनता सरकार मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्य छात्र नेता सुमित लाठर के नेतृत्व में जिला उपायुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर पराली के मामले में पूर्णतःअसहयोग करने की चेतावनी दी गई। छात्र नेता सुमित लाठर ने कहा कि सरकार और प्रशासन किसानों के साथ दोहरे मापदंड अपना रहे हैं। जब किसान की फसल नही बिकती, जब उसे समय पर खाद नही मिलती, जब खराब फसलों का मुआवजा नहीं दिया जाता और जब पराली प्रबंधन के लिए बेलर समय पर नही मिलता, तब प्रशासन मोन रहता है। जैसे ही किसान मजबूरी में पराली जलाता है तो प्रशासन बिना सूचना के संज्ञान लेकर उस पर जुर्माना और मुकद्मा दर्ज करने में सक्रिय हो जाता है। कहा कि इस तरह के दोहरे कानून कृषि प्रधान देश में लंबे समय तक नही चल सकते हैं। यदि तय समय सीमा के भीतर किसानों की मांगे पूरी नहीं की गई तो पराली के मामले में पूर्णतः असहयोग किया जाएगा। इस मौके पर अजमेर रेढू, नकुल, अंकित, मदीना सहित अन्य साथी भी मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री की 41वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# देश नही भुलेगा इंदिरा गांधी की कुर्बानी: रिषिपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कांग्रेस भवन में शुक्रवार को देश की भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और नागरिकों ने पहुंच कर भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री को नमन किया। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने की और कार्यकर्ताओं को स्व. इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन संघर्ष, साहस और देशभक्ति की मिसाल था। उनकी कुर्बानी को देशवासी कभी भुला नही पाएंगे। देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए इंदिरा गांधी ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने हर परिस्थिति में देशहित को सर्वोपरि रखा। चाहे 1971 का युद्ध हो या हरित क्रांति का नेतृत्व हो। इंदिरा गांधी ने भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का कार्य किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल ने कहा कि इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा देकर देश के गरीब और वंचित वर्ग को आवाज दी। उन्होंने भारतीय राजनीति में महिला सशक्तिकरण की नींव रखी और विश्व स्तर पर भारत की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। रिषिपाल हैबतपुर ने इंदिरा गांधी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि 31 अक्टूबर 1984 को उन्होंने देश की एकता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।



जींद। स्व. इंदिरा गांधी को नमन करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रख कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की गई। अंत में जिला अध्यक्ष ने कहा कि इंदिरा गांधी केवल एक नाम नही बल्कि एक युग थी। उनका जीवन हमें हमेशा देश सेवा, निडर नेतृत्व और जनकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बनारसी दास वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष बलराम कटवाल, महावीर गुप्ता, पवन दूहन, दिनेश डाहौला, अनिल जागलान, कमल चौहान, डा. सुरेश देव कौशिक, धर्मेंद्र, मनजीत दहिया, अनिल सैनी, सोनू खर्ब, सुरेंद्र तलोडा, सुरेश फौजी, जय सिंह सैनी, राममेहर मलिक नंबरदार, जयसिंह सरपंच, सुभाषचंद्र, इशाक भट्टी, रामकुमार वाल्मीकि, जेपी रूहील, बलबीर पालवां, सुखीराम धरोदी, रामचंद्र जांगड़ा, जसवंत गिल, नारायणदत्त जांगड़ा समेत काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हरियाणा दिवस पर रंगारंग फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

जींद। मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण देशभक्ति और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने राज्य हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, लोककला और वीरता के इतिहास से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने हरियाणा राज्य के गठन दिवस से संबंधित कविताएं, भाषण और गीत प्रस्तुत किए। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने सुमधुर स्वर में हरियाणा मेरा देस जैसे गीत गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। विद्यालय की सैपलिंग शाखा में प्री नर्सरी से लेकर यूकेजी कक्षाओं तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने हरियाणा के प्रसिद्ध लोकनायकों, किसानों, खिलाड़ियों, स्वतंत्रता सेनानियों और लोक पात्रों का रूप धारण किया। किसी ने किसान का रूप लिया तो किसी ने पहलवान या हरियाणवी लोकगीत गायक का। एक नन्हे बालक ने पहलवान बजरंग पूनिया का रूप धारण कर सबका दिल जीत लिया।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम

जींद। पीआईजी राजकीय महिला महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एनएसएस इकाई एवं इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जिम्मेदारी और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना था। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने अपने उत्साह, अनुशासन और टीमवर्क की मिसाल प्रस्तुत की। शिविर का शुभारंभ जितेन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में युवाओं को आत्मविश्वास, निष्ठा और सेवा भावना को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक केवल सेवा नही करते बल्कि वे समाज को दिशा देने वाले सच्चे परिवर्तनकारी होते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों को अपनाएं और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## खबर संक्षेप

### सत्य भारती स्कूल में हरियाणा दिवस मनाया

**राजौंद।** सत्य भारती स्कूल रसीना में हरियाणा दिवस के उपलक्ष में संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों ने हरियाणा के पारंपरिक वेशभूषा, संस्कृति, खानपान व मेहमान नवाजी को दर्शाने वाले अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### आदर्श स्कूल जाखौली में मना हरियाणा दिवस

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में हरियाणा दिवस बड़े ही भावनात्मक और गर्वपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विद्यालय प्रांगण हरियाणा की मिट्टी की खुशबू लोकगीतों की मधुर ध्वनि और विद्यार्थियों के उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हरियाणा की संस्कृति परंपराओं वीरता और मातृभूमि के प्रति प्रेम को गीतों नृत्यों और कविताओं के माध्यम से जीवंत कर दिया। हर प्रस्तुति ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं और गर्व से भर दिया।

### बिरला ओपन माइंड में हुआ कार्यक्रम

**राजौंद।** राजौद के असंध रोड पर स्थित बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल में हरियाणा दिवस हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, विरासत और इतिहास से परिचित करवाना था।

### हरियाणवी वेशभूषा में सजे विद्यार्थी

**कलायत।** कलायत के शिक्षा भारती विद्या निकेतन स्कूल में हरियाणा दिवस उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इस दौरान मुख्य रूप से विद्यार्थी हरियाणवी वेशभूषा में नजर आए। विद्यार्थियों की तरफ से हरियाणवी संस्कृति पर मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों का मन मोहा। अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल जितेंद्र सिंह ने की।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया

**सीवन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली में पावर ग्रिड ऑफ इंडिया, ब्रांच खानपुर के उपमहाप्रबंधक मुनीश गुप्ता के नेतृत्व में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षाकर्मियों तथा पावर ग्रिड के अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**कलायत।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलायत में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती व हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या एवं के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। हरियाणा को जानो विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का मंच सजा। साथ ही, पटेल जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी एवं रन फॉर फन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### सीवन में श्याम भक्ति का उत्सव आज

**सीवन।** बाबा खाटू श्याम परिवार सीवन के प्रधान व पार्षद संजय कंसल ने बताया कि 1 नवंबर दिन शनिवार को बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर रामाश्रम परिसर में शाम 7 बजे से प्रभु इच्छा तक भव्य संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित होगा।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**पूंडरी।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पूण्डरी में कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 112 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ का शुभारंभ विद्यालय परिसर से हुआ तथा समापन स्टेडियम पूण्डरी में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य गिरधारी लाल शर्मा जी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

---

## 2025 में मिले मार्केट कमेटी को मिले नए चेयरमैन

# 36 साल का हुआ कैथल- ऐतिहासिक शहर शिक्षा स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में तेजी से कर रहा तरक्की

**राजकीय स्कूल का अर्पणदीप ने12वीं की परीक्षा में प्रदेश में किया था टॉप**

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

कैथल जिला आज पूरे 36 साल का हो गया है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को संजोए कैथल 1 नवंबर 1989 को कुरुक्षेत्र से अलग होकर यह जिला बना है। आज जिस भव्यता और शानो-शौकत के साथ कैथल प्रदेश के अग्रणी जिलों में शुमार है, उसका पूरा श्रेय यहां के मेहनतकश और हुनरमंद लोगों को जाता है।

धर्म हो या शिक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर हो या राजनीति। तकरीबन हर क्षेत्र में कैथल अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। चावल निर्यात में सालों तक नंबर एक का खिताब भी कैथल जिले के सिर सजा। जिले के रूप में अस्तित्व में आने से पूर्व यह करनाल और कुरुक्षेत्र जिले का उपमंडल भी रहा। राज्य के गठन के समय कैथल एक तहसील था, जो करनाल के अंतर्गत था। वर्ष 1973 के प्रारंभ में जब कुरुक्षेत्र को अलग जिले का दर्जा दिया गया, तो यह क्षेत्र कुरुक्षेत्र में चला गया और 31 अक्टूबर 1989 तक वहीं रहा।

मिथकों का कहना है कि कैथल भगवान युधिष्ठर द्वारा महाभारत काल के दौरान स्थापित किया गया था। भगवान राम के ह्यवानर सेनाह्न के मुखिया हनुमान कैथल में पैदा हुए हैं। हनुमान की मां के नाम पर प्रसिद्ध ह्यअंजनी का टिल्लाह्न कैथल में ऐतिहासिक स्मारकों में भी स्थित है इसकी सांस्कृतिक विरासत अपनी प्राचीन समृद्धि को प्रतिबिंबित करती है। कैथल जिला समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत है व सात तालाबों और आठ गेटों से घिरा हुआ है। कैथल प्राचीन काल से उत्तर प्रदेश का एक प्रसिद्ध बाजार रहा है। कैथल के लोगों की मुगल और पठान के साम्राज्य के बाद से एक महत्वपूर्ण और संघर्षरत भूमिका रही हैं। प्रसिद्ध मंगोल घुसपैठ चंगेज खान भारत आए। इस युग के दौरान कई सियाद कैथल में रहते थे और जल्द ही इन मुसलमान विद्वानों और नगर पार्षदों का केंद्र बन गए। प्रसिद्ध इतिहासकार जलालुद्दीन कैथल के इन सय्यदों से प्रभावित हुए थे।



**कैथल।** कैथल में चल रहा सड़कों का निर्माण कार्य *फोटो : हरिभूमि*

### 1857 के संघर्ष में सक्रिय भूमिका निभाई

कैथल के लोगों ने 1857 के संघर्ष में सक्रिय भूमिका निभाई और अंग्रेजों को जमीन कर देना बंद कर दिया। अंग्रेजों ने दमन चक्र शुरू किया और कैथल के विभिन्न लोगों को फांसी दी। लेफ्टिनेंट पीयरसन और कप्तान मचनोल को विद्रोह को रोकने के लिए एक महान प्रतिरोध का सामना करना पड़ता है। कैथल को 1883 से 1901 तक कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन कैथल के मूल लोगों ने दृढ़ संकल्प के साथ आपदाओं का सामना किया।

### ये हैं पर्यटन स्थल

कैथल में कई धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन स्थल हैं। शहर में भाई उदय व्सह का किला, प्राचीन बावड़ी, महाभारतकालीननवग्रह कुंड, बिदक्यार झील, गुरुद्वारा नीम साहिब, श्रीग्यारह रुद्री मंदिर, अंबकेश्वर मंदिर, हजरत बाबा शाह कमाल कादरी, डेरा बाबा शीतल पुरी, पूंडरी के पास विश्व प्रसिद्ध फल्गु तीर्थ, माता मनसा देवी मंदिर, कलायत में कपिलमुनि मंदिर, खड़ालवा शिव मंदिर सहित अन्य स्थल है।

### करोड़ों की लागत से बन रही सड़कें

कैथल : शहर में करीब 20 सालों से टूटी पड़ी सड़कों का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इनमें शहर के मुख्य बाजारों के साथ-साथ वार्डों व सेक्टरों की सड़कें शामिल है। करीब पांच करोड़ 22 लाख रुपये की राशि खर्च होनी है। ये सड़कें गड्ढा मुक्त होने के बाद न केवल लोगों की परेशानी कम होगी, बल्कि दुकानदारों के कारोबार में भी बढ़ोतरी होगी। अब सड़कों पर गहरे गड्ढे होने के कारण व्यापारियों के कामकाज पर भी असर पड़ता है।

### इन सड़कों का होगा निर्माण कार्य

| सड़क - | राशि |
|---|---|
| हिंदू स्कूल से भगत सिंह चौक तक | -84.64 लाख रुपये |
| हरिकेश शर्मा के घर से कुतुबपुर रोड तक | -6.35 लाख रुपये |
| फ्रांसवाला रोड पर सैनी समोसे वाला के घर से पवन शर्मा के घर तक | -10.89 लाख रुपये |
| देवीगढ़ कालोनी में सड़क निर्माण पर- | -26 लाख 83 हजार रुपये |
| श्मशान घाट करनाल रोड पर देवीगढ़ चौक तक | - 1.26 करोड़ रुपये |

इसी मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ 37 लाख रुपये से नाला बनेगा।

| | |
|---|---|
| गांव सिल्लाखेड़ा ड्रेन पर सड़क निर्माण | - 1.40 करोड़ रुपये |
| सेक्टर 20 की सड़क पर | - 41 लाख 39 हजार रुपये |
| सामुदायिक केंद्र वाली सड़क पर | - 50 लाख रुपये की राशि खर्च |

छात्रावास रोड, रेलवे गेट से भगत सिंह चौक की सड़क का निर्माण कार्य करवाया जाएगा।

### 2025 की विशेष उपलब्धि

- कैथल की ऐतिहासिक बावडी के जीर्णोद्वार हेतु ग्रांट।
- 5 करोड़ की लागत से कैथल को मिली नई सब्जी की सौगात।
- नगपालिका कलायत, राजौंद तथा सीवन को मिले चेयरमैन और वाइस चेयरमैन।
- जिले की सभी मार्केट कमेटी के मिले चेयरमैन।
- राजकीय स्कूल का अर्पणदीप रहा 12वीं में प्रदेश भर में टॉपर रहे।
- उन्होंने 500 में से 497 अंक हासिल किए थे

स्थानीय लोगों ने 13 नवंबर 1240 को इल्तुतुमस की बेटी रजिया बेगम व उसके पति की हत्या कर दी। राजिया सुल्ताना का मकबरा अभी भी कैथल में स्थित है। सिख गुरु हरि ने तत्कालीन राजा भाई देसु सिंह को भगत के प्रतीक के रूप में सम्मानित किया, उसके बाद कैथल के प्रशासक को भाई के रूप में और 1843 ई.पू. भाई उदय सिंह कैथल पर शासन कर चुके थे और आखिरी राजा के तौर पर सिद्ध हुए थे। 14 मई 1843 को भाई उदय सिंह का निधन हो गया। कैथल के लोगों ने 1857 में स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई।

वर्तमान में कैथल 2317 वर्ग में फैला हुआ है के.एम. भौगोलिक क्षेत्र। इसकी जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 1083211 है।


**कैथल।** कैथल का ऐतिहासिक भाई उदय सिंह का किला।

### कई ऐतिहासिक स्थल जिले की शान

हिंदुस्तान की पहली महिला शासक रजिया सुल्तान का मकबरा यहां पर है जो वहीं ऐतिहासिक बावडी और नीम साहिब गुरुद्वारा भी कैथल में ही है। शहर में एक कुंड की स्थापना महाभारतकाल में महाराजा युधिष्ठिर ने युद्ध में अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए ग्यारह रूद्र की पूजा अर्चना कैथल के श्री ग्यारह रूद्री शिव मंदिर में करवाई थी।

### खेलों में छाए कैथल के बेटे और बेटियां

**कैथल।** गांव क्योड़क निवासी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी स्नेहा का चयन आयरलैंड में शुरू हो चुके अंतरराष्ट्रीय बाक्सिंग प्रशिक्षण कैंप के लिए हो चुका है। स्नेहा बुधवार रात को कैंप में पहुंच चुकी और यहां 75 किलो भारवर्ग में हिस्सा ले रही है। इस कैंप में देश के 23 खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिनमें दस लड़के और 13 लड़कियां शामिल हैं। खिलाड़ियों का पूर खर्च सरकार की तरफ से ही वहन किया जाएगा। केंप में उन खिलाड़ियों का चयन किया गया है तो पिछले कुछ समय से लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में पदक जीत रहे हैं। यहां खिलाड़ी विदेशी और भारतीय प्रशिक्षकों के बीच अभ्यास करेंगे। बाक्सिंग कोच गुरमीत सिंह ने बताया कि स्नेहा ने साल 2022 में जार्डन में हुई अपनी पहली यूथ एशियन बाक्सिंग स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। यह स्नेहा की पहली अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा थी। इसके अलावा 2019 में रोहतक में हुई जूनियर राष्ट्रीय बाक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक। 2020 में असम में हुए खेलो इंडिया में कांस्य पदक। 2021 में सोनीपत में हुई राष्ट्रीय स्पर्धा में रजत पदक। 2022 में पंचकूला में हुए खेलो इंडिया में कांस्य पदक। 2022 में जार्डन में हुई यूथ एशियन बाक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक। 2023 में चेन्नई में हुई राष्ट्रीय स्पर्धा में रजत पदक जीत चुकी हैं।

### शहर में 20 सालों से टूटी पड़ी सड़कों का होगा निर्माण

- सड़क के टूटने के साथ-साथ डिवाइडर भी खस्ताहाल, स्ट्रीट लाइट पड़ी खराब
- वर्षा के दिनों में भर जाता है पानी, दुकानदारों का सामान हो जाता है खराब
- हिंदू स्कूल से कबूतर चौक, छात्रावास रोड, सेक्टर 20 की सड़कों का होगा निर्माण कार्य

### खेलों में कैथल की शान

| | |
|---|---|
| बलवान उर्फ बल्लू | -अर्जुन अवार्डी (वालीबॉल) |
| मनोज कुमार | -अर्जुन अवार्डी (बॉक्सिग) |
| पैरा एशियन गोल्ड मेडलिस्ट | -हरविंद्र सिंह। |
| मनीषा मौन | -गोल्ड मैडलिस्ट बाक्सिंग |
| ममता सौदा | -पद्म श्री (पर्वतारोहण) |

### 5.22 करोड़ की राशि होगी खर्च



नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि कई सालों से टूटी सड़कों के निर्माण को लेकर कार्य योजना तैयार कर ली गई है। पांच करोड़ 22 लाख रुपये की राशि इस पर खर्च होगी। जल्द ही इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। नप की तरफ शहर की सड़कों के साथ-साथ वार्डों में गली, नालियां, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य करोड़ों रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं।

-सुरभि गर्ग, चेयरपर्सन, नप कैथल

### जिले को मिली बड़ी सौगात



कैथल निवासियों के लिए यह खुशी की बात है कि जिस दिन हरियाणा का जन्मदिवस है, उसी दिन कैथल का भी जन्मदिन है। भाजपा सरकार के शासनकाल में जिले का रिकार्ड विकास हुआ है। जिले को कई बड़ी सौगात मिली हैं।

-अशोक गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा।

### डीसी ने दी शुभकामनाएं



कैथल के जन्मदिवस पर वे जिलावासियों को बधाई देते हैं। हर क्षेत्र में जिला तरक्की करें। यह खुशी की बात है कि हम एक साथ प्रदेश और जिले का जन्मदिवस मना रहे हैं। सभी विभागीय अधिकारी जिले और प्रदेश की बेहतरी के लिए काम करें।

-डीसी प्रीति

### एसपी ने किया ये आह्वान



सभी जिलावासियों को हैप्पी बर्थडे। जिले को आदर्श बनाने के लिए सभी को सार्थक प्रयास करने चाहिए।

—-उपासना, एसपी कैथल

### अर्पणदीप जिले का गौरव



2025 में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी किए गए 12वीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्योमाजरा का छात्र अर्पणदीप ने 500 में से 497 अंक हासिल कर प्रदेश में टॉप होने का गौरव हासिल किया।

-छात्र अर्पणदीप

### एक नजर में जिला

| | |
|---|---|
| कुल जनसंख्या | - 13 लाख के करीब |
| क्षेत्रफल | - 2317 वर्ग किलोमीटर |
| सबडिविजन | - कैथल, कलायत एवं गुहला |
| खंड | - सात: गुहला, कैथल, कलायत, पूंडरी, - राजौंद, सीवन और ढांड |
| तहसील | - चार: कैथल, गुहला, कलायत और पूंडरी |
| उप तहसील-तीन | - राजौंद, सीवन, ढांड |
| कुल गांव पंचायत: | - 279 |
| साक्षरता | - 69.2 प्रतिशत |

---

# विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ मनाया हरियाणा दिवस

- राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में विभिन्न पोशाकों में सजकर पहुंचे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में हरियाणा दिवस बड़े उत्साह, जोश और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण हरियाणवी संस्कृति, लोक संगीत और रंग-बिरंगे परिधानों से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत हरियाणा राज्य गीत और दीप प्रज्वलन से हुई, जिसने वातावरण को देशभक्ति और गर्व की भावना से भर दिया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, कविताओं, समूह गीत, नाटक और भाषणों के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को जीवंत कर दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू नरवाल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा—हरियाणा दिवस हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और गर्व कराता है कि हम उस भूमि के वासी हैं जहाँ परिश्रम, संस्कृति और वीरता का संगम है।"

विद्यालय के प्रबंध निदेशक लाभ सिंह लैलर ने भी अपने संदेश में विद्यार्थियों को हरियाणा की संस्कृति को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ने और राज्य तथा देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षक भी मौजूद रहे।


**कैथल।** हरियाणा दिवस पर राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के विद्यार्थी। !


**गुहला चीका।** एकता के लिए दौड़ में भाग लेते गुहला स्कूल के विद्यार्थी।

## एकता की अलख जगाने दौड़ पड़े गुहला स्कूल के विद्यार्थी

**गुहला-चीका।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज गुहला में एकता के लिए दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश की अखंडता और एकजुटता के प्रति लोगों, विशेष रूप से युवाओं में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एचएचओ रेखा रानी ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत का नक्शा तैयार किया। 'एकता के लिए दौड़' उनके इसी सपने को साकार करने और देशवासियों के बीच एकजुटता की भावना को मजबूत करने की सराहनीय पहल है। यह दौड़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुहला से प्रारंभ होकर डीएसपी ऑफिस के माध्यम से होती हुई पुन मुख्य स्थल पर समाप्त हुई। इसमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ में गुहला स्कूल के एनसीसी छात्र, सामाजिक संगठनों के सदस्य, सरकारी कर्मचारी और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और देश की एकता अटूट है जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर गुहला स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र पाल ने सभी विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की राष्ट्रीय एकता जरूरी है।

# एमडीएन ग्लोबल स्कूल में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' एवं 'हरियाणा दिवस का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं हरियाणा दिवस का संयुक्त रूप से भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत "रन फॉर यूनिटी" के साथ हुई, जिसका शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, मैनेजर गौरव गर्ग तथा प्राचार्य डॉ. संत कौशिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। विद्यार्थियों ने "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के संदेश के साथ जोश और उत्साह से दौड़ में भाग लिया।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय एकता शपथ ली गई तथा एकता, सद्भाव और देशभक्ति का संकल्प दोहराया गया। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने देश की एकता, अखंडता एवं हरियाणा की गौरवमयी संस्कृति पर अपने विचार और प्रतिभा प्रस्तुत की। हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोक नृत्य और रागनी के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों एवं युद्ध वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणा की समृद्ध परंपरा और लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली।



**कैथल।** हरियाणा दिवस पर एमडीएन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थी।


**कैथल।** महिला कालेज में उपस्थित पदाधिकारी व छात्राएं।

## महिला कालेज में पांच दिवसीय कार्यशाला करवाई

**कैथल।** कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत (कैथल) में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। आज कार्यशाला के अंतिम दिन सरस्वती क्लासेज से सौरभ मान व पुष्पेंद्र ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भूगोल विषय पर अपना व्याख्यान दिया। इसमें उन्होंने मानचित्र में हरियाणा के जिले भरने की ट्रिक बच्चों को सिखाई। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किसी भी देश या किसी भी राज्य के भूगोल से जुड़े प्रश्नों को हल करने के लिए सबसे पहले उसके मानचित्र की जानकारी हमें होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि जो छात्राएं पांच दिन क्लास में उपस्थित रही हैं वह छात्राएं प्रतियोगी परीक्षा में आने वाले हिंदी, रीजनिंग, मैथ, साइंस व हरियाणा भूगोल के प्रश्नों को आसानी से हल कर पाएंगे। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

## जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक में लगा फ्री दंत चिकित्सा शिविर

# बच्चों को दांतों की देखभाल करने के दिए टिप्स

**सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल भी मौजूद रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल, कैथल में लायंस क्लब के सहयोग से बच्चों के लिए निःशुल्क दंत जांच एवं मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. कनिका ढल ने किया।यूकेजी से दूसरी कक्षा तक के नन्हे विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया। इस दौरान उन्हें सही तरीके से ब्रश करने, दांतों की देखभाल करने और मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के उपाय सिखाए गए। बच्चों को ब्रश और टूथपेस्ट भी प्रदान किए गए ताकि वे स्वस्थ आदतें अपनाएं।विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता ने कहा कि दंत स्वच्छता बच्चों के समग्र स्वास्थ्य और आत्मविश्वास दोनों से जुड़ी होती है। ऐसे कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य चेतना को बढ़ाते हैं बल्कि बच्चों में स्वच्छ जीवनशैली का भाव भी विकसित करते हैं। उन्होंने लायंस क्लब और डॉ. कनिका ढल का विशेष आभार व्यक्त किया। जाट हाई स्कूल सोसाईटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने कहा कि स्वस्थ दांत ही स्वस्थ जीवन का आधार हैं।


**कैथल।** जाट हाई स्कूल सोसायटी के पदाधिकारी लांयस क्लब के सदस्यों को सम्मानित करते हुए।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर सोसाईटी के उपप्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन, डा.सत्यवान माजरा, दलबीर कैरो महावीर राविश, राजपाल गुहणा, सनी चौशाला, महावीर कुंडू, विक्रम सोंगल, कुलदीप सिंह,रजत रापड़िया, स्वतंत्रपाल सिंह, सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को नियमित दंत जांच कराने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि अभिभावकों के लिए विशेष परामर्श सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. कविता ढल ने मौखिक स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारी और व्यक्तिगत सलाह दी।*

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब से भरी कार बरामद

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब के धंधे पर प्रभावशाली कार्यवाही को अंजाम देते हुए अवैध शराब सहित एक कार को काबू किया है। थाना सदर नरवाना के प्रभारी निरीक्षक विरेन्द्र सिंह ने बताया कि चौकी दनौदा की टीम गांव दनौदा बस अड्डे पर गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि दनौदा निवासी राजेश जो अवैध शराब के कारोबार का काम करता है, कार में शराब का जखीरा लेकर आ रहा है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की जान गई

**कैथल।** अमरगढ़ गामड़ी में गुरुवार रात के समय देवीगढ़ फाटक के पास कुरुक्षेत्र-दिल्ली डेमू ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवक के ट्रेन की चपेट में आने के बाद जीआरपी पुलिस ने जांच शुरू की। युवक के शव को पहचान के लिए सिविल अस्पताल की मॉर्चरी हाउस में रखा गया है।

### सड़क हादसों में एक की मौत, दो घायल

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो युवक घायल हो गए। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भौंगरा निवासी राजकुमार ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसकी भाई कोकन गांव ढाकल के निकट सड़क को पार कर रहा था।

### सरदार पटेल की जयंती पर लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**कैथल।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया गया है। उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुराना अस्पताल कैथल के अन्तर्गत (आयुष्मान अरोग्य मन्दिर) यूएएएम राजेंद्रा सेठ कॉलोनी कैथल में स्पेशल आउटरीच हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।

### नाबालिगा से दुष्कर्म का मामला दर्ज

**जींद।** सदर थाना सफीदों गांव इलाका में नाबालिग लड़की का अपहरण कर खेत में ले जा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। सदर थाना सफीदों ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म करने, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना सफीदों इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी नाबालिग बेटी बीती देर गली में शौच करने निकली थी।

### चलाया जाएगा कानूनी जागरूकता अभियान

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने बताया कि प्रदूषण से मुक्त अभियान, सिनियर सिटीजन, श्रमिकों, बच्चों के अधिकार के अलावा विभिन्न विषयों पर गांव-गांव कानूनी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 1 नवंबर से 20 नवंबर तक जिला के विभिन्न गांवों में पैनल अधिकवक्ताओं की टीम द्वारा चलाया जाएगा।

### रंजिशन हमला करने पर आठ के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव धनखड़ी में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रहा है। गांव धनखड़ी निवासी चंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी के ही सतपाल परिवार से रंजिश चली आ रही है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर शिविर का आयोजन

**राजौंद।** शहर के मॉडल संस्कृति स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर एन एस एस का एकदिवसीय शिविर लगाया गया। प्रधानाचार्य विजेंद्र ने बच्चों को राष्ट्रीय एकता का महत्व पढ़ाया व देश के प्रति सेवा भाव रखने के लिए सीख दी। देश की सीमा प्रहरी के रूप में प्रतिकात्मक रूप से राष्ट्र की रक्षा करने की शपथ दिलवाई।

---

*डिप्टी स्पीकर ने पुलिस लाइन मैदान में 150वीं जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की*

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया: डॉ. कृष्ण मिड्ढा

**2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की रहेगी अहम भागीदारी**

**रन फॉर यूनिटी में राष्ट्रीय एकता की दिलाई शपथ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल ने पूरे भारत को एकसुत्र में पिरोने का काम किया था। उसी के अनुरूप हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कार्य कर रहे हैं। उनका 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना अब हर भारतीय नागरिक का सपना बन चुका है।

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर युवाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित करके नमन किया। इसके बाद उन्होंने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रन फॉर यूनिटी में डिप्टी स्पीकर, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी विवेक आर्य व अन्य प्रशासन के अधिकारी युवाओं के साथ दौड़ते नजर आए। रन फॉर यूनिटी स्थानीय पुलिस लाइन मैदान से शुरू हुई और एकलव्य स्टेडियम में समापन हुआ। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे ज्यादा भूमिका हमारे युवाओं की रहेगी। प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा साईक्लोथॉन यात्रा जैसी अन्य गतिवधियों चला कर नशे के विरूद्ध कड़ा प्रहार कर रहे हैं ताकि हमारे युवाओं का भविष्य उज्जवल बन सके। डा. मिड्ढा ने कहा कि गुजरात में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सरदार पटेल की महानता और देश की एकता का प्रतीक है। इस प्रतिमा के निर्माण में पूरे देश के गांव-गांव से लोहा एकत्र किया गया था। जो भारत की एकता और समर्पण की मिसाल है। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि हम सभी को अपने जीवन में कम से कम एक बार जरूर उस महान व्यक्तित्व के स्टेच्यू के दर्शन करने चाहिए। हमारे देश के प्रधानमंत्री सशक्त एवं पावरफुल हैं। जिन्होंने विश्व में अपने देश का लौहा मनवाने का काम किया है। आज बहुत सी ऐसी ताकते हैं, जो भारत को खंड-खंड करना चाहती है लेकिन हमारे देश के प्रधानमंत्री सशक्त हैं। जिन्होंने अपनी ताकत के बल पर हिंदुस्तान को एक अलग रूप देने का काम किया है। डा. मिड्ढा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा नशे के विरुद्ध चलाई जा रही साइक्लोथॉन यात्रा और अन्य जनजागरण अभियानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नशा किसी भी परिवार के भविष्य को नष्ट कर देता है। मुख्यमंत्री द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए किए जा रहे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।



जींद। रन फॉर यूनिटी में दौड़ते हुए डा. मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि




जींद। सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन करते हुए डा. मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

#### राष्ट्रीय एकता की दिलाई शपथ

जिला स्तरीय रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और कहा कि आज हम नशामुक्त भारत अभियान के तहत एकजुट होकर यह संकल्प लेते हैं कि न केवल समाज, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं भी नशामुक्त होंगे। क्योंकि बदलाव की शुरूआत स्वयं से होनी चाहिए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी विवेक आर्य, एएसपी सोनाक्षी सिंह, डीएमसी सुरेंद्र दून, जींद एसडीएम सत्यवान सिंह मान, नगराधीश मोनिका रानी, जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा, जिला कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि गोविंद सैनी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



कैथल। पूर्व विधायक लीला राम हरी झंडी दिखाकर रवाना करते। फोटो :हरिभूमि

### राष्ट्रीय एकता का दिया दमदार संदेश

**कैथल।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार सुबह कैथल शहर में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। इस दौड़ में हजारों की संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राष्ट्रीय एकता का दमदार संदेश दिया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन चौ. छोटू राम इंडोर स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक लीला राम ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग भी विशेष रूप से मौजूद रही। सभी अतिथियों ने युवाओं को संबोधित करते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। पूर्व विधायक लीला राम ने युवाओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में युवाओं का रन फॉर यूनिटी में शामिल होना यह दर्शाता है कि आज की पीढ़ी भी राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझती है। यह दौड़ केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का माध्यम है। रन फॉर यूनिटी ने कैथल के युवाओं को एक मंच पर लाकर, उन्हें देश की एकता और अखंडता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से जुड़े वृतांत बताकर उनकी भारत की राष्ट्रीय एकता में भूमिका के बारे में बताया और बच्चों को प्रेरणा लेने का आह्वान किया। एसपी उपासना, जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, नगर आयुक्त कपिल शर्मा, जीएम रोडवेज कमलजीत, डीएसपी सुशील प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने ली राष्ट्र की एकता की शपथ

**कैथल।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एसपी उपासना के नेतृत्व व दिशा-निर्देशन में जिले की सभी थानों व चौकियों सहित पुलिस लाइन कैथल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की मुख्य कार्यक्रम जिला सचिवालय कैथल में आयोजित हुआ, जहां एसपी उपासना ने सभी उपस्थित पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को एकता की शपथ दिलवाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा। आज का दिन हमें यह संकल्प लेने की प्रेरणा देता है कि हम अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहकर राष्ट्र की एकता और सामूहिक शक्ति को बनाए रखें।



एसपी उपासना राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाते ।



रन फॉर यूनिटी में शामिल विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री एवं गणमान्य लोग।

### पटेल ने 562 रियासतों को एक सूत्र पिरोया

**उचाना।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में किया। ये राजकीय कवमावि उचाना मंडी से शुरू हुई। मुख्यअतिथि विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने शिरकत की। जबकि एसडीएम दलजीत सिंह विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे। विधायक ने हरी झंडी दिखा कर दौड़ का शुभारंभ किया। अत्री ने कहा कि आज का दिन हमें उस महापुरुष की याद दिलाता है, जिन्होंने स्वतंत्र भारत के एकीकरण में अपनी अद्वितीय भूमिका निभाई। सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की अखंडता की नींव रखी। उनके जीवन से हमें एकता, दृढ़ता और राष्ट्र प्रेम की प्रेरणा मिलती है। रन फॉर यूनिटी केवल एक दौड़ नही बल्कि यह एक प्रतीक है उस भावना का जो देश के हर नागरिक को एकजुट करती है। विधायक अत्री स्वयं भी छात्रों और युवाओं के साथ दौड़ में शामिल हुए। दौड़ में बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र, छात्राओं, अध्यापकों, सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों और आम नागरिकों ने भाग लिया।

### वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई

**गुहला-चीका।** सिनेमा रोड स्थित पतंजलि योगशाला, चीका में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पतंजलि जिला प्रभारी एवं आचार्य हरिओम शोकल ने की। इस अवसर पर तहसील प्रभारी चरण दास गुप्ता, युवा तहसील प्रभारी महावीर प्रजापति, मीडिया प्रभारी गुरमीत सीड़ा सहित पतंजलि परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। आचार्य हरिओम शोकल ने अपने संबोधन में कहा कि 'लौह पुरुष' सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक साथ मिलाकर अखंड भारत के निर्माण की नींव रखी। वे केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि एकता और अखंडता के सच्चे प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने उन्हें लौह पुरुष की उपाधि उनके अटूट इरादों और राष्ट्र-निर्माण के योगदान के कारण दी थी।



चित्र पर माल्यार्पण करते आचार्य हरिओम शोकल व अन्य सदस्य।



एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा बातचीत करते हुए।

### उमड़ा देशभक्ति का सैलाब

**कैथल।** हरियाणा राइस मिलर्स एंड डिलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पूरे हरियाणा में आज राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में हजारों की संख्या में विद्यार्थी, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेशभर में एक ही स्वर गूंजा एक भारत, श्रेष्ठ भारत। सरदार पटेल की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत की नींव को मजबूत करने का कार्य किया और सैकड़ों रियासतों को एक धागे में पिरोकर सच्चे अर्थों में भारत को अखंड बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाणा संगठन की ओर से भी पूरे राज्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

---

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के दोषी अध्यापक को सुनाई 10 साल की कैद, जुर्माना भी ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



अतिरिक्त सेशन जज अनुपामिश मोदी ने एक नाबालिग स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के एक मामले में अध्यापक को 10 साल की कैद और 35000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस बारे में महिला थाने में 29 में 2023 को मुकदमा दर्ज करवाया गया था। शिकायत पक्ष की ओर से केस की पैरवी करते एडवोकेट्स अजय गुप्ता और अर्पित गुप्ता ने बताया कि स्कूल शिक्षक सुनील ने पीड़ित नाबालिग छात्रा को मीठी-मीठी बातों में फंसाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दीं। जब उसने मना किया तो उसने उसे स्कूल से नाम कटवाने की धमकी दी। धमकी देकर सुनील ने छात्रा के घर का फोन नंबर ले लिया। इसके बाद उसने मोबाइल पर भी अश्लील बातें करनी शुरू कर दीं। सुनील ने कहा कि उसके पास छात्रा की बातचीत की रिकॉर्डिंग है और उसे अपने पास आने को कहा। नवंबर 2022 में उसने छात्रा को कैथल बुलाया और मोटरसाइकिल पर बिठाकर होटल में ले गया। वहां उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। सुनील ने उसकी अश्लील व सामान्य तस्वीरें खींचकर अपने मोबाइल फोन में सेव कर ली। करीब दो महीने पहले छात्रा ने अपनी मां को सारी बात बताई। परिवार वालों ने उसे समझाया और समाज में शर्म के कारण पुलिस में शिकायत नहीं की। वह बार-बार उसे पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने और उसकी तस्वीरें और रिकॉर्डिंग फेसबुक पर वायरल करने की धमकी भी देता था।

# कैथल के 17 वर्षीय युवक की डोंकरों ने की हत्या

**41 लाख की लागत से भेजा था अमेरिका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के गांव मोहना एक 17 वर्षीय युवक की डोकंरों द्वारा हत्या करने करने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि युवक की हत्या कई माह



पूर्व कर दी गई थी लेकिन परिजनों को अब जाकर इसका पता चला। बता दें कि गांव मोहना का युवक अमेरिका जाना चाहता था लेकिन उसका पिता कुलदीप सिंह का इकलौता बेटा व परिवार धन सम्पन्नता के चलते परिवार बेटे को विदेश नहीं भेजना चाहता था। बेटे की खुशी के लिए उसने अपने बेटे को अमेरिका भेजने के लिए एजेंट से 41 लाख में सौदा किया। युवराज के पिता कुलदीप सिंह व चाचा कुलवंत सिंह ने बताया कि वे बेटे को विदेश नहीं भेजना चाहते थे जबकि बेटा विदेश जाने की जिद्द पर अड़ा रहा। परिवार चाहता था कि बेटा स्टडी के लिए जाए लेकिन बेटा विदेश ख़ासकर अमेरिका अपने दोस्तों की फ़ेसबुक व इंस्टाग्राम पर रील देख कर अमेरिका जल्द से जल्द जाना चाह रहा था।

#### पुलिस को दी शिकायत

गांव मोहना निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत आरोप लगाया कि उसके बेटे युवराज को अमेरिका भेजने के लिए उसने दुसैन के एजेंट नवजोत सिंह तथा कुरुक्षेत्र का नवनीत सिंह एजेंटों से संपर्क किया था। उसे कहा था कि वे जहाज के जरिए सीधे अमेरिका भेजते हैं और इसके लिए उसने एजेंटों ने 41 लाख रुपए में सौदा तय हो गया। सितंबर 2024 में उसके बेटे का पासपोर्ट ले लिया और कहा था कि पैसे तभी लेंगे जब युवराज अमेरिका पहुंच जाएगा। 13 अक्तूबर 2024 को युवराज ने भारत छोड़ दिया और 17 अक्तूबर को ही एजेंट फ्लाइट के टिकट आदि के लिए उससे 16 लाख रुपए की मांग करने लगे और उन्होंने 16 लाख रुपए की राशि एजेंट नवजोत सिंह को दे दी। जब भी उनकी एजेंटों से बात होती तो वे उसे सकुशल बताते थे लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उनका बेटा इस दुनिया में नहीं रहा।

#### एजेंट पैसे देता तो बेटा ज़िंदा होता

युवराज के परिजनों ने आरोप लगाया है कि दिसंबर 2024 में उनके पास किडनैपर के नंबर से कॉल आई थी कि बेटे को ज़िंदा चाहते हो तो 20 हजार डालर दो। युवराज के साथ मारपीट की वीडियो भी भेजी थी जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थी। परिजनों ने एजेंट को बताया लेकिन एजेंट ने परिवार से तो पैसे ले लिए और किडनैपर को नहीं दिए। परिवार को कहता रहा कि पैसे डाल दिए। किडनैपर व डोंकर ने पैसे न मिलने से हताश युवराज को यातनाएं देकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

#### एजेंट करता रहा गुमराह

परिजनों का कहना था कि वे जब भी युवराज बारे एजेंटों से बात करते थे तो वे युवराज के सकुशल होने बारे कहते थे। इस कारण वे परेशान नहीं थे। जब उन्होंने अपने स्तर पर करीब तीन लाख की राशि खर्च कर पता करवाया तो ज्ञात हुआ कि आरोपियों द्वारा युवक की हत्या कर दी गई है तथा युवक का 4 मार्च का बना हुआ उन्हें उसका मृत्यु प्रमाण पत्र मिला। इस दौरान मारपीट की वीडियो भी सामने आई।

---

**इमरजेंसी में चद्दर भी सही नहीं, निदेशक ने स्टाफ नर्स को लगाई फटकार**

# ....निजी अस्पतालों का कैसे करें मुकाबला

**विभाग के निदेशक ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल का हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के निर्देशक डा. अनिल बिरला ने दौरा किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में बेड पर चद्दर सही नहीं मिली। इस पर उन्होंने मौके पर मौजूद स्टाफ नर्स को फटकार लगाई। डा. बिरला ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अब अस्पतालों में सहन नहीं की जाएगी। इस समय सरकार नागरिक अस्पतालों पर पूरा जोर दे रही है। सरकार का प्रयास है कि निजी अस्पतालों के मुकाबले नागरिक अस्पताल किसी भी स्तर पर पीछे नहीं रहें। इसलिए बार-बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नागरिक अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डा. अनिल बिरला दोपहर को अचानक नागरिक अस्पताल में पहुंच गए। उन्होंने आते ही अस्पताल का निरीक्षण शुरू कर दिया। सबसे पहले उन्होंने इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया तो यहां बेड पर चद्दर ही सही ठंग से नहीं बिछाई थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह बेड की कैसी हालत है। ऐसा दोबारा मिला तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अस्पताल में सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त करने को कहा। मरीजों की दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की। कुछ जगह सफाई सही ठंग से नहीं मिलने पर डा. अनिल बिरला ने कहा कि अस्पताल में सबसे पहला कार्य सफाई है। सफाई नहीं मिलना, किसी भी सूरत में सहन करने योग्य नहीं है। उन्होंने कर्मचारियों को बायोमेडिकल वेस्ट का सही निस्तारण करने को कहा।



जींद। पूछताछ करते निदेशक डा. अनिल बिरला। फोटो :हरिभूमि

#### लापरवाही सहन नही होगी

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डा. अनिल बिरला ने कहा कि साफ.-सफाई के निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। कुछ चिकित्सकों की कमी हैए जो जल्द ही दूर की जाएगी। नागरिक अस्पताल में पहले से काफी कुछ बेहतर है। कुछ कर्मचारी लापरवाही कर जाते हैं, उनको चेतावनी दी गई है।




शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में कार्यक्रम में हरियाणवी डांस प्रस्तुत करती छात्राएं।

#### रंगारंग समारोह का आयोजन

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में शुक्रवार को हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और रंगारंग समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और हरियाणवी अंदाज के साथ भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल चहल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हरियाणा दिवस हमारे लिए गौरव का दिन है। 1 नवंबर 1966 को हरियाणा राज्य का गठन हुआ था और आज 59 वर्षों में हरियाणा ने विकास के हर क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां दर्ज की हैं। हमारे छात्रों को अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए और हरियाणा की समृद्ध विरासत पर गर्व करना चाहिए। विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा वीरों की धरती है। यहां के लोगों में अदम्य साहसए कड़ी मेहनत और सरलता के गुण हैं। चाहे खेल का मैदान हो या सीमा पर देश की रक्षाए हरियाणा के वीर सपूतों ने हमेशा देश का नाम रोशन किया है। हमें अपने छात्रों में भी यही गुण विकसित करने होंगे। विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण कुमार ने कहा कि हरियाणा ने शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है।